तापमान

अधिकतम 22.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 25 जनवरी 2024

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

4 हाईस्कूल तेलीकोट में पुलिस की जागरूकता कार्यशाला



## खबर संक्षेप

### अब अवकाश के दिन भी जमा कर सकेंगे टैक्स

**रायगढ़।** नगर निगम का राजस्व शाखा अवकाश के दिन भी खुला रहेगा। शहरवासी छुट्टी के दिन भी टैक्स जमा कर सकेंगे। नगर पालिका निगम के राजस्व कर संग्रहण कार्य 31 मार्च 2024 तक प्रति दिवस अवकाश के दिन में होगा। सभी वार्ड के करदाता कार्यालय समय में कार्यालय में अपने भवन का संपत्तिकर, समेकित करए जलकर एवं यूजर चार्ज की राशि जमा कर सकेंगे। इस दौरान 25 मार्च को होली त्यौहार होने के कारण कार्यालय बंद रहेगा। अवकाश के दिन भी टैक्स जमा लेने के लिए राजस्व शाखा के समस्त कर्मचारियों को आदेशित किया गया है। इस दौरान उन्हें प्रति दिवस करो की वसूली का कार्य करने और अवकाश के दिन में भी कार्यालय में उपस्थित होकर कार्य संपादित करने निर्देशित किया गया है।

### आबकारी विभाग में 17 पदस्थापना

**सारंगढ़।** कलेक्टर केएल चौहान के जिले में पदभार ग्रहण करने के बाद से जिला प्रशासन के कार्यशैली में परिवर्तन आ गया है। श्री चौहान ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में आबकारी के कार्यों को सुचारू संचालन के लिए आबकारी सचिव को पत्र जारी किया हैए जिसके फलस्वरूप वाणिज्यिक कर आबकारी विभाग ने जिले में 17 अधिकारियों-कर्मचारियों का पदस्थापना हुआ है। इन अधिकारियों-कर्मचारियों में जिला आबकारी अधिकारी सोनल नेताम, सहायक जिला आबकारी अधिकारी विमल तिर्की, आनंद कुमार वर्मा, आबकारी उप निरीक्षक विपिन कुमार पाठक, हाबिल खलखो, आबकारी मुख्य आरक्षक हीरासाय भगत, आबकारी आरक्षक गणेश धीरज, राजेन्द्र खाण्डे, मोहन लाल चौहान, धनेश्वर राव मगर, सहायक ग्रेड.2 रामकुमार कवंर, सहायक ग्रेड.3 अशोक कुमार सहिस, भृत्य सुखराम लहरे, मनीराम महिलाने, सुदर्शन नायक, लक्ष्मण सिदार और वाहन चालक मिलन राम साहू के नाम शामिल है।

### उत्कर्ष योजना में प्रवेश अंतिम तिथि आज

**सारंगढ़।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना यथा संशोधित 2021 वर्ष 2024-25 अंतर्गत कक्षा 6वी में प्रवेश और प्रवेश परीक्षा हेतु शाला में आवेदन जमा करने की तारीख 25 जनवरी 2024 है। इसके आवेदन के लिए ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों से कक्षा 4थी उत्तीर्ण करने वाले छात्र ही योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होंगे। लिखित परीक्षा जिला स्तर पर 10 मार्च को दिन रविवार समय दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। परीक्षा केन्द्र की सूचना पृथक से दी जाएगी।

### ग्रामीण ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**रायगढ़।** चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के ग्राम जुर्डा निवासी हलधर खम्हारी पिता स्व.बुधु खम्हारी 65 वर्ष विगत कुछ दिनों से जमीन को लेकर परेशान रहता था। ऐसे में विगत 21 जनवरी को सुबह में अचानक गायब हो गया। जिससे परिजनों को लगा कि कहीं गया होगा घुम फिर कर आ जाएगा, लेकिन जब दोपहर बाद तक घर नहीं लौटा तो परिजन उसकी तलाश करने लगे, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चलाए 22 जनवरी को भी उसकी खोजबीन करते हुए रिश्तेदारी में पता कियाए लेकिन कहीं पता नहीं चलाए ऐसे में सोमवार को शाम को गांव के लोगों ने बताया कि जुर्डा रेलवे लाईन के पास उसके खेत में लगे महुआ पेंड में किसी व्यक्ति का शव लटका है, जिससे परिजन जाकर देखे तो डीस वायर से उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया था।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस : बाइक पर निकली जागरूकता रैली

# बेटियों को जितना पढ़ाएंगे, देश उतना विकसित होगाः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता बाईक रैली को शहर के बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ चौक से कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं एसएसपी सदानंद कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना किया।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि आज राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बाईक रैली निकाली जा रही हैं, जिसमें महिला बाल विकास के साथ सामाजिक संस्था भी शामिल हैं। महिला बाल विकास द्वारा एक अभिनव पहल किया गया था जिसके तहत जिले में वृहद हस्ताक्षर अभियान चलाया गया ताकि लोग हस्ताक्षर कर जागरूक हो सके कि बेटियों को बचाना एवं पढ़ाना हैं। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर अपने आसपासए परिवारए समूह में जागरूकता फैलाते हैं कि बेटियों का अमूल्यमय स्थान हमारे समाज और देश में हैं, उसे बरकरार रखते हुए लोग बेटा बेटी में अंतर न करें और भुरण हत्या जैसा कुकृत्य पर सामाजिक रूप से अंकुश लगे। उन्होंने कहा कि महिलाएं एवं बेटियां हमारे समाज में विशेष स्थान रखती है। हम बेटियों को जितना पढ़ायेंगे देश उतना विकसित होगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बेटियों के जन्म, शिक्षा, शादी के फैसले को सोच समझकर करें, ताकि बेटियां देश की प्रगति में भागीदार बन सकें। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता रैली अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े की अगुवाई में शहर के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चौक से प्रारंभ होकर कमला नेहरू गार्डन में समाप्त हुई। कमला नेहरू गार्डन में कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े ने सभी लोगों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत शपथ दिलाई कि बच्चियों को जन्म एवं स्वतंत्रता का अधिकार देंगे। बच्चियों के जन्म पर खुशी एवं उत्सव मनाएंगे। लड़के लड़कियों के बीच समानता बढ़ाने के साथ बेटियों के प्रति पराया धन की मानसिकता का विरोध करने। बाल विवाह, दहेज प्रथा का विरोध करेंगे, बालिकाओं का स्कूल में दाखिला और उसकी पढ़ाई बरकरार रखेंगे। लिंग चयन की सूचना देंगे, महिलाओं की संपति में अधिकार का समर्थन करेंगे। अपने आस.पास के वातावरण को महिलाओं के लिए सुरक्षित और हिंसा मुक्त रखने तथा बेटियों के प्रति चली आ रही रूढ़ीवादी सोच को बदलने लोगों ने शपथ ली।



शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के पूर्व कलेक्टर श्री गोयल की पहल पर पहली बार समारोह में मार्च पास्ट का हिस्सा बन रही स्कूली बच्चों का ब्रास बैंड खास आकर्षण होगा। (विस्तृत समाचार 4 पर)

# गणतंत्र दिवस पर 10 विभागों की झाकियां होंगी आकर्षण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के 10 विभागों द्वारा झाकियां निकाली जा रही हैं। झाकियां मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र होंगी। झाकियां बन लगभग तैयार हो चुकी हैं, किंतु अब सिर्फ फाइनल टच बचा है। ऐसे में संबंधित विभाग अपने यहां की झाकियां की साज सज्जा पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।

**झांकिया बन कर तैयार**

इस बार गणतंत्र दिवस पर वित्त मंत्री व विधायक ओम प्रकाश चौधरी द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। बुधवार को फाइनल रिहर्सल किया गया। जानकारी के अनुसार इस बार 10 विभाग अपने यहां की लोकप्रिय योजनाओं को लेकर झाकियों का प्रदर्शन शहीद विप्लव त्रिपाठी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में करेंगीं। झाकियों की प्रस्तुति के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पीएमजनमन की थीम, जिला पंचायत प्रधानमंत्री आवास की थीम, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं विकसित भारत की पहचान उन्नत पशुधन खुशहाल किसान, सहायक संचालक मत्स्य बायोफ्लोक विधि से मछली पालन की थीम, सहायक संचालक उद्यानिकी फसल विविधिकरण के दृष्टिगत तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन की थीम, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग हर घर नल से जल की थीम, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ की थीम, जिला शिक्षा अधिकारी पीएम श्री स्कूल व बालबाड़ी की थीम, नगर पालिक निगम आरआरआर ई कचरा प्रबंधन तथा वन मंडलाधिकारी तेंदूपत्ता संग्रहण की थीम पर अपने विभाग की आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति देंगे।

# स्कूली बच्चों ने रंगोली, स्लोगन व पेटिंग के जरिए उकेरा यातायात नियमों का ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर सड़क सुरक्षा माह 2024 के आज नववे दिवस यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं स्कूली बच्चों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने स्थानीय शासकीय नटवर स्कूल रायगढ़ में सुरक्षित यातायात संबंधित स्लोगन लेखन, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिला मुख्यालय के 14 स्कूलों से लगभग 268 स्कूली बच्चे भाग लिये। बच्चों ने यातायात नियम को लेकर ट्रैफिक सिंग्नलए वाहन चलाते हुए मोबाइल का प्रयोग नहीं करने व अन्य कई आकर्षक



कलाकृतियां बनाकर अपनी जागरूकता का परिचय दिये। एडिशनल एसपी श्री संजय महादेवा, प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल और ट्रैफिक डीएसपी रमेश कुमार चन्द्रा ने स्कूल जाकर प्रतियोगिता में भाग ले रहे बच्चों के पेंटिग, रंगोली और स्लोगन देखा और बच्चों को सुरक्षित यातायात नियमों की जानकारी देकर ट्रैफिक नियमों का पालन करने और परेंट्स से भी यातायात नियमों का पालन कराने कहा गया। प्रतिभागी बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा माह समापन अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

यातायात जागरूकता के क्रम में आज भी जिला मुख्यालय में संचालित सभी ऑटो वाहन मैं फ्लेक्स बैनर लगाकर यातायात जागरूकता का संदेश दिया गया तथा शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को यातायात के नियम एवं दुर्घटनाओं से बचाव के बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है।




### लर्निंग लायसेंस शिविर

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के तेरहवे दिवस 27 जनवरी को प्रातः 11 बजे यातायात पुलिस रायगढ़ एवं परिवहन विभाग रायगढ़ द्वारा स्थानीय रामलीला मैदान रायगढ़ में नवीन वाहन चालकों के लिए लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। लर्निंग लायसेंस शिविर में आने के पूर्व परिवहन विभाग के साईट में जाकर आनलाईन अप्लाई कर दस्तावेज प्रिंट कर लाना होगा। आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता, 2 पासपोर्ट साइज फोटो, जमा चालान प्रति।

# टुण्ड्री-सक्ती मार्ग वर्षों से जर्जर न मरम्मत, न ही जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- ग्रामवासियों ने लिया निर्णय, चुनाव बहिष्कार कर जताएंगे

टुण्ड्री-सक्ती मार्ग बीत करीब 10 वर्ष से अधिक समय से जर्जर अवस्था में है। इतने वर्ष में इस मार्ग की न तो मरम्मत हो पाई और न ही जीर्णोद्धार करने को लेकर ध्यान दिया गया। इस मार्ग के जर्जर अवस्था को सुधारने के लिए आस पास के ग्रामीणों ने कई बार पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री सहित जिला प्रशासन को अनुनय विनय किया, किंतु ग्रामीणों को निराशा ही हाथ लगी। वे कई बार मांग कर अब थक चुके हैं अब उन्होनें लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर विरोध करने का मन बनाया है।

ऐसे में इसका सीधा खामियाजा ग्रामीणों और राहगीरों को उठाना पड़ रहा है। इस मार्ग में काफी बड़े बड़े गढ्डे हैं, जिसकी वजह से राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आए दिन यहां से गुजरने वाले राहगीर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं, वहीं चार पहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। बारिश के दिनों में तो यह मार्ग और भी जानलेवा व खतरनाक हो जाता है। इस सड़क के गढ्डों मे पानी भर जाने से इसकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता और बाइक सवार गिरते हैं तो वहीं कार कई बार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो जाती है या फंस जाती है। अहम बात यह है कि इस सड़क के जीर्णोद्धार को लेकर प्रशासनिक अमले से लेकर जनप्रतिनिधि भी पूरी तरह से उदासीन है, बीते 5 वर्ष में कांग्रेस की सरकार के वक्त ग्रामीणों ने कई बार कोशिश की। क्योंकि इसी मार्ग स्थित ग्राम नंदेली में उच्चशिक्षा मंत्री का निवास स्थान है और वे इस इलाके से भलीभांति काकिफ हैं। ऐसे में ग्रामीणों को यह आशा थी कि उनके मंत्री रहते इस मार्ग दुर्दशा सुधर जाएगी। किंतु ऐसा नहीं हो सका।

### जिला प्रशासन से की शिकायत

बीते दिनों ग्रामीणों ने पुनः एक बार जिला प्रशासन के दरवाजे पर दस्तक दे कर अपनी मांग रखी। इस दौरान उन्होंने बताया कि टुण्ड्री से सक्ती जाने वाली मार्ग पर बसे गांव कई वर्षों से बेहतर सड़क मार्ग की आस लगाए बैठे हैं, किंतु इस पर न तो प्रशासन ध्यान दे रहा है और ना ही जनप्रतिनिधि। सड़क के जर्जर होने की वजह से उनके क्षेत्र का विकास पूरी तरह से रूक गया है।

### एंबुलेंस की आवाजाही बाधित

ग्रामीणों ने कहा कि इस मार्ग के जर्जर होने से की वजह से गांव एंबुलेंस के आने में काफी परेशानी होती है। वहीं किसी तरह यदि एंबुलेंस आ भी जाए तो मरीज को लेकर इस मार्ग से जाना उसकी जान से खिलवाड़ करने जैसा प्रतीत होता है। सड़क के जर्जर होने के कारण स्वास्थ्य सेवाएं भी उनके पहुंच से दूर होती जा रही है।

## बीपीसीएल की स्थापना के 48 वर्ष पूरे अब छोटे शहरों तक पहुंचने की कवायद

**रायगढ़।** पेट्रोलियम सर्विस के क्षेत्र में प्योर फॉर श्योर के ध्येय वाक्य के साथ ग्राहकों के विश्वास की कसौटी पर खरा उतरते हुए भारत पेट्रोलियम कंपनी लि. यानि बीपीसीएल ने 24 जनवरी को अपना 48वां स्थापना दिवस मनाया।

छातामुरा चौक स्थित प्रियदर्शी पेट्रोल पंप पर आयोजित स्थापना दिवस के आयोजन मे शहर के आधा दर्जन बीपीसीएल के अधिकृत डीलरों की मौजूदगी के बीच सीएसपी अविनाश उपाध्याय ने केक काटकर व गुब्बारे उडाकर हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। बीपीसीएल के रायगढ सेल्स आफिसर प्रसाद टेकाले ने बताया कि करीब दो दशक पहले कंपनी ने प्योर फॉर श्योर के स्लोगन से अपनी गुणवत्ता का दावा किया था। अब इस वर्ष नई जनरेशन लांच कर रही है। टेकाले ने बताया कि कंपनी ने पूर्व मे पीएफएस लांच किया था। वर्तमान में क्यू आर कोड ए पोस्टपेड की जगह प्रीपेड ए आटोमेटिक सिस्टम ए कैश व आनलाईन सेल तथा ट्रांजैक्शन पर ज्यादा फोकस किया। अब इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए फास्ट चार्जिंग व्हीकल लांच करने की योजना है। इसके लिए हर 100 किमी पर मशीन सेट की जा रही है। काम लगभग पूर्ण हो गया है। अगले माह सर्विस शुरु हो जाएगी। बीपीसीएल का इरादा न्यू जनरेशन सर्विस को अब छोटे शहरों कस्बों तक पेट्रोलियम सर्विस पंहुचाने की है। बुधवार को स्थापना दिवस के अवसर पर रायगढ समेत प्रदेश के कोरबा ए बिलासपुर ए अम्बिकापुर ए राजनांदगांव में एक साथ न्यू जनरेशन सर्विस शुरु की गई। इस मौके पर कंपनी ने बेहतर परफार्मेंस करने वाले बीपीसीएल डीलरों को सर्टिफिकेट व पारितोषिक भी प्रदान किया।

## एसडीएम ने पीएम आवास में लापरवाही करने वाले हितग्राही को दिया नोटिस

**सारंगढ़।** आईएएस वासु जैन एसडीएम सारंगढ़ ने पीएम आवास योजना अंतर्गत लापरवाही के संबंध में ग्राम मुड़पार बड़े के हितग्राही को नोटिस जारी कर पेशी में



बुलाकर पक्ष जाना और कार्रवाई के लिए समझाया गया। छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम की धारा 92 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत सारंगढ़ के ग्राम पंचायत मुड़पार बड़े के हितग्राही सावित्री परसराम को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। योजना के अंतर्गत हितग्राही को 25000 रुपए किस्त के रूप में प्रदान किए जाने के उपरांत भी 12 माह से भी अधिक समय व्यतीत होने के उपरांत आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने में कोई रुचि नहीं लिया गया है एवं शासन द्वारा जारी किए गए किस्तों का आहरण कर अपनी अभी रक्षा में रखते हुए राशि दुरुपयोग किया गया है। इस संबंध में हितग्राही को पंचायती राज अधिनियम की धारा 92 के तहत अपना पक्ष प्रस्तुत करने एवं बकाया जमा करने के लिए आज न्यायालय में बुलाया गया था।

## अगले माह रायगढ़ पहुंच रही न्याय यात्रा की रणनीति से कराया अवगत

# केंद्र के रिमोट पर चल रही छत्तीसगढ़ सरकारः बैज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला कांग्रेस भवन में मंगलवार शाम छग प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उन्हे आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तथा अगले माह रायगढ़ पंहुच रही राहुल गांधी की न्याय यात्रा को सफल बनाने की रणनीति पर संगठन की राय तथा तैयारी से अवगत कराया।

इस दौरान मौजूदा सरकार पर आरोप लगाते हुए पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि देश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार बने 2 माह हो गए लेकिन उन्होंने कोई भी ऐसा कार्य नहीं किया जिससे प्रदेश की जनता द्वारा उसे सराहा जा सके जिसकी सुधि वजह यही है कि विष्णुदेव की सरकार केंद्र के रिमोट से चल रही है। वहीं भूपेश बघेल के नेतृत्व में हमारी कांग्रेस



सरकार ने इतने जनकल्याणकारी कार्य किए उसके बावजूद भी हमे पराजय का सामना करना पड़ा लेकिन हम हताश नहीं है। क्योंकि जनादेश का हम सम्मान करते है और झूठ की बुनियाद पर भाजपा चुनाव जीतने में सफल हुई है। लेकिन आगामी लोकसभा चुनाव में जीत कांग्रेस की ही होगी जिसके लिए हमें एकजुट होकर तैयारी करनी होगी। बैज ने कहा कि हमारे शासन में हमारे कार्यों को मॉडल के रूप में पूरे देश के अन्य राज्यों में भी सराहा गया जसमें गोठांन मोहल्ला क्लीनिक व सबसे बड़ा अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा निशुल्क आत्मानंद स्कूल द्वारा लागू किया गया।

उन्होंने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा भाजपा शासित में बाधित की जा रही है इस बारे में आरोप लगाते हुए दीपक बैज ने आगे कहा आज मोदी सरकार अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को दबाना चाहती है। वह नहीं चाहती है कि देश की जनता की महंगाई, बेरोजगारी जैसी समस्याओं के खिलाफ लोग एकजुट हो इसीलिये राहुल गांधी की यात्रा में बाधा पैदा करने के लिये षडय़ंत्र रचा जा रहा है। मोदी सरकार कुछ भी कर ले लेकिन भारत के लोगों की आवाज न दबेगी, न रूकेगी।

### न्याय यात्रा को लेकर प्रयवेक्षकों की नियुक्ति

#### उमेश प्रदेश के संयोजक और अनिल रायगढ़ पर्यवेक्षक बने

फरवरी माह में राहुल गांधी की न्याय यात्रा उड़ीसा प्रदेश से छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में प्रवेश करेगी इसके लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के मार्गदर्शन और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के अनुसार इस यात्रा के सफल आयोजन के लिए प्रदेश के संयोजक में उमेश पटेल, डॉ शिव डहरिया, जय सिंह अग्रवाल, अमरजीत भगत नियुक्त किए गए हैं और जिलेवार पर्यवेक्षक इस प्रकार हैं रायगढ़ जिला चंद्रदेव राय, अनिल अग्रवाल, सक्ति जिला गुरमुख सिंह होरा और गुलाब कमरों, जांजगीर चांपा जिला शैलेश पांडे और विनय भगत, कोरबा जिला नोबेल वर्मा और यूडी मिंज, सरगुजा जिला शफी अहमद और जेपी श्रीवास्तव, सूरजपुर जिला प्रेमसाय सिंह और पारसनाथ राजवाड़े, बलरामपुर जिला डॉ प्रीतम राम और हितेंद्र मिश्रा बनाए गए हैं। संघर्ष के योद्धा राहुल गांधी के इस भारत जोड़ो यात्रा के छत्तीसगढ़ प्रदेश आगमन के लिए जनता बाट जोह रही है और ७ जिलों से भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुजरने वाली है यही नही पूरे छत्तीसगढ़ के गांव.गांव की जनता मोहब्बत और अमन फैलाने वाले न्याय यात्री राहुल गांधी से रूबरू मिलने के लिए आशावन्वित है।

## हाईवे में खड़े ट्रेलर से बाइक भिड़ी युवक की मौत, 2 जख्मी

**रायगढ़।** रायगढ़ सक्ती राष्ट्रीय राजमार्ग में मंगलवार देर शाम खड़ी ट्रेलर से बाइक भिड़ने की घटना में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो लोग घायल हैं। बेलगाम रफ्तार के कहर का यह मामला खरसिया थाना क्षेत्र का है। सूत्रों के मुताबिक मंगलवार देर शाम साढ़े 7 बजे खरसिया से सक्ती हाईवे में ग्राम बरगढ़ और उल्दा के बीच उस समय हड़कम्प मच गया, जब खड़ी ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एलए 4449 से तीन सवारी बाइक क्रमांक सीजी 13 एए 3049 जाकर टकरा गई। ट्रेलर से बाईक भिड़ते ही उसमें सवार 3 लोग गिरकर जख्मी हो गए। एनएच में हुई दुर्घटना को देख लोगों ने 112 नंबर डायल कर सूचना देते हुए मदद की मांग की। कुछ देर में एम्बुलेंस पहुंचने पर तीनों घायलों को नजदीकी खरसिया के सिविल हॉस्पिटल ले जाया गया। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार शुरू होते ही बुरी तरह आहत एक युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक रघु राठिया है। वहीं उसके घायल साथी सदन राठिया और बलिराम हैं। तीनों लोग ग्राम बेहराचुंआ से करतला कोरबा जाने निकले थे मगर उनकी बाईक खड़ी ट्रेलर से भिड़ गई। बहरहाल खरसिया पुलिस धारा 279, 337, 304 ए के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज करते हुए हादसे की जांच पड़ताल कर रही है।

## खबर संक्षेप



### आदिवासी बालिका के हाथों बैंक की शाखा का शुभारंभ

**सारंगढ़।** कलेक्टर केएल चौहान के पहल पर प्री मैट्रिक छात्रावास बिलाईगढ़ की बालिका रजनी बरिहा के हाथों बैंक ऑफ इंडिया के सारंगढ़ शाखा का शुभारंभ किया गया। बालिका रजनी ने बैंक के शुभारंभ करने पर खुशी जताई। कलेक्टर श्री चौहान ने कहा कि इस बैंक के शाखा खुलने से जिले के नागरिकों को बैंकिंग सुविधा का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर प्रांजल दिव्यांग स्कूल के बच्चों ने सुस्वागतम का नृत्य प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने दिव्यांग बच्चों के नृत्य का सराहना किया। बैंक अधिकारियों ने बैंक की विस्तृत जानकारी दिया। शुभारंभ अवसर पर परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान, जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत, एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग आशीष बैनर्जी, बैंक ऑफ इंडिया भोपाल के महाप्रबंधक लोकेश कृष्ण, रायपुर की आंचलिक प्रबंधक गायत्री कम्पा, उप आंचलिक प्रबंधक नागेन्द्र प्रसाद चौरसिया, सारंगढ़ शाखा प्रबंधक प्रेमदीप कुर्रे सहित बैंक के श्रेया शुक्ला एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### तमनार में सुंदर कांड पाठ का आयोजन



**तमनार।** श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित सुंदर कांड की अलौकिक भक्ति, श्रद्धा और आनंद में रमे प्रेम चंद गुप्ता परिवार एवं तमनार वासी ने उत्साह और भक्ति के साथ आत्मा को श्रीराम लला के प्रति समर्पित कर भारत वर्ष के कल्याण के लिए प्रार्थना किया गया। गुप्ता परिवार के माध्यम से समुदाय को एक साथ लाने का प्रयास भी था, जो इस सांस्कृतिक अद्भुति में शामिल हो रहा था। सुंदरकांड की पाठशैली और राग.ताल के साथ भगवान श्रीराम की महिमा को गाते हुए भक्तों ने एक अद्वितीय अनुभव किया। इस अद्वितीय क्षण में गुप्ता भवन का माहौल धार्मिक भावना से भरा थाए जिसमें श्रद्धालुओं ने अपनी भक्ति और समर्पण का प्रदर्शन किया। इस मौके पर समाज के अनेक वर्गों से लोग एक साथ आए। समाप्ति के बाद प्रसाद वितरण सभी उपस्थित भक्तों ने एक दूसरे को शुभकामना देते आनंदित हुए।

### जनदर्शन में 11 लोगों का बना आयुष्मान कार्ड



**रायगढ़।** अलग-अलग क्षेत्रों से महिलाएं आयुष्मान कार्ड बनवाने के संबंध में जनदर्शन में आज पहुंचे थे। उन्होंने कलेक्टर के समक्ष बताया कि उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाने के कारण बीमार होने पर इलाज संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने उनके आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर के निर्देशन पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौके पर ऐसे सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

### सखी वन स्टॉप सेंटर ने स्कूलों छात्रावासों में किया जागरुक

**रायगढ़।** महिला एवं बाल विकास अंतर्गत सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा नवा बिहान, मिशन वात्सल्य, चाईल्ड लाईन की टीम द्वारा संत टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल रायगढ़ एवं संत विनोबा स्कूल, किरोडीमल स्कूल रायगढ़ तथा पोस्ट मैट्रिक शासकीय कन्या छात्रावास रायगढ़ में लैंगिक उत्पीडन, घरेलू हिंसा, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्प लाईन 181, आपातकालीन हेल्पलाईन 112, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, पाक्सो अधिनियम, बाल विवाह तथा बच्चों को कैरियर बनाये जाने के दौरान भावनाओं पर नियंत्रण संबंधी जानकारी दी गई।

## महिला बाल विकास विभाग व मितानिन की रहेगी मुख्य भूमिका

# फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में शत प्रतिशत लोगों के दवा सेवन का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला टॉस्क फोर्स समिति सह अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर श्री गोयल ने जिले सभी अधिकारियों को कार्यक्रम के सफलता पूर्वक संचालन के लिये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में विशेष रूप से शिक्षा विभागए महिला एवं बाल विकास विभाग तथा मितानिन की मुख्य रूप भूमिका रहेगी। कलेक्टर श्री गोयल ने श्रम विभाग के साथ औद्योगिक क्षेत्र के सभी कंपनियों में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों को भी दवा खिलाने हेतु निर्देशित किया ताकि जिले में शत प्रतिशत जनसंख्या को दवा सेवन करवाया जा सके।



जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. टीजी कुलवेदी ने राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत फरवरी माह में होने वाले विशेष कार्यक्रम राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत फाईलेरिया सामुहिक दवा सेवन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार 10 से 28 फरवरी 2024 तक फाईलेरिया उन्मुलन के लिए फाईलेरिया दवा सेवन कार्यक्रम के तहत हाथीपांव की दवाई खिलाई जानी है, जिसमें 10 से 15 फरवरी तक सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूल, कालेज, तकनीकी संस्थानों के साथ साथ सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में बूथ लगाकर हाथीपांव की दवा खिलाई जाएगी। इसके साथ ही 16 से 24 फरवरी तक गृह भेट कर घर-घर जाकर दवा सेवन करायी जाएगी एवं शेष छुटे हुए व्यक्तियों को मॉप.अप राउंड में 26 से 28 फरवरी तक दवा का सेवन कराया जाएगा। जिसमें रायगढ़ जिले की कुल लक्षित जनसंख्या को दवा सेवन कराने पर विशेष जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम में जिनको दवा सेवन से वंचित रखा गया है, उसमें मुख्य रूप से डीईसी दवाई हेतु 0 से 2 वर्ष तक के बच्चे, ईवरमेक्टिन दवा हेतु 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के साथ 90 सेमी से कम उचाई वाले व्यक्ति, अति गंभीर पीड़ित व्यक्तियों, इसमें गर्भवती महिलाएं, स्तनपान कराने वाली महिलाएं, गंभीर बीमारी से पीड़ितों को दवा नही दिया जाएगा। कार्यक्रम में दवाईओं की खुराक के बारे बताया में भी बताया गया। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि पूरे भारत वर्ष में छग राज्य के रायगढ़ जिले के साथ अन्य 5 जिलों में यह कार्यक्रम चलाया जाएगा।



### विधायक ने ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम गजमा पहुंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने भारी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रही जनसरोकर वाली योजनाओं के जानकारी देते हुए कहा कि अब किसी का भी कोई काम नहीं रूकेगा और प्रत्येक व्यक्ति विकास के साथ आगे बढ़ेगा। ये मोदी की गारंटी है इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में हजारों की संख्या में आसपास के गांवों से ग्रामीण उपस्थित थे। साथ ही विधायक रायमुनी ने नशो मुक्त जीवन जीने की सलाह देते हुए कहा कि अगर ग्रामीण नशा से दूर रहना शुरू कर देंगे उनका विकास उसी दिन से शुरू हो जाएगा। नशा पूरे परिवार और आने वाली पीढ़ी की विकास में सबसे बढ़ी रूकावट बनकर खड़ी है। विधायक रायमुनी भगत ने नशा मुक्त जीवन जीने के लिए अपने प्रत्येक कार्यक्रम में आमजन को प्रोत्साहित करती आ रही है। विकसित भारत सकंल्प यात्रा में विधायक रायमुनी भगत के साथ पूर्व जिला पंचायत सदस्य कृपाशंकर भगत, शांति भगत, शाशिकला मिंज, सुषमा भगत, मनोज टोप्पो, कृष्ण कुमार बुनकर, मेघनाथ के अलावा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।

## उन्नत और आधुनिक कृषि पर दो दिवसीय किसान भ्रमण व प्रशिक्षण का आयोजन




**रायगढ़।** अदाणी फाउंडेशन द्वारा आयोजित उन्नत और आधुनिक कृषि पद्धतियों पर आधारित दो दिवसीय किसान प्रशिक्षण और भ्रमण कार्यक्रम बीते सप्ताह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

जिले के तमनार प्रखण्ड में गारे पेल्मा कॉलरीज लिमिटेड के सामाजिक सरोकारों के तहत शिक्षाए स्वास्थ्य, अधोसंरचना विकास के साथ-साथ आजीविका संवर्धन के कई कार्यक्रम का संचालन करता है। इसी के अंतर्गत आयोजित किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 18 और 19 जनवरी को भाटापारा के कृषि विज्ञान केंद्र में किया गया, जिसमें विशेष रूप से गारे पेल्मा, मिलूपारा, ढोलनारा, सरायटोला, चितवाही, मुड़ागांव और कुंजेमुरा गांवों के कुल 30 किसानों ने भाग लिया। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. देवेन्द्र उपाध्याय, उमेश सिंह और अंसद सिंह राजपूत द्वारा उन्नत फसलों के विभिन्न पहलुओं को प्रशिक्षण में शामिल किया गया, जिसमें धनिया बीज उत्पादन, सरसौर, मटर, चुना और गेहूं पर विशेष ध्यान दिया गया। किसानों को इन फसलों के लिए प्रभावी खेती तकनीकों, बीमारी की रोकथाम के उपायों और उचित कीटनाशकों के उपयोगों के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। भाग लेने वाले किसानों ने प्रशिक्षण में मिले नए नए कृषि गतिविधियों के ज्ञान और तकनीकों को लागू करने के लिए उत्साह व्यक्त किया।

## आधार, आयुष्मान, राशन कार्ड व केसीसी सहित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हितग्राही

**जशपुरनगर।** जिले भर में जारी विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आमजनों को राज्य व केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभन्वित करने का सिलसिला जारी है। प्रतिदिन सैकड़ों लोग लाभन्वित किया जा रहा है। जिसमें हर वर्ग के लोग शामिल हैए जिन्हें विभिन्न योजनाओं सहित बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं भी मिल रही है।

यात्रा के तहत जिले के सभी विकासखंडों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में दुलदुला ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत सपघराए सिमड़ा और फरसाबहार के ग्राम पंचायत सिंगीबहार सहित अन्य ग्राम पंचायतों में पहुंची। जहां लोगों को यात्रा का उद्देश्य व केंद्र सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान आमजनों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलवाई गई। ग्राम पंचायत सिंगीबहार में आयोजित शिविर में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय शामिल हुई। इस दौरान ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने प्रेरित किया। साथ ही पात्र हितग्राहियों को निशुल्क गैस कनेक्शन वितरण किया। इसके अलावा कई हितग्राहियों को भी अन्य योजनाओं के हितलाभ वितरण किया। यहां आयोजित स्वास्थ्य शिविर में लोगों का टीबीए स्क्रीनिंगए हेल्थ चेकअप व सिकलसेल टेस्ट भी की गई।



शिविर में उपस्थित श्रीमती कौशल्या साय।

साथ ही पात्र हितग्राहियों को निशुल्क गैस कनेक्शन दिया गया। इसके अलावा कई हितग्राहियों को योजनाओं के हितलाभ वितरण किया। आमजनों को राज्य व केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही मौके पर उज्जवला योजनाए आवास योजनाए केसीसी सहित अन्य योजनाओं से पात्र हितग्राही को लाभान्वित किया जा रहा है। ही स्वास्थ्य शिविर में सिकलसेलए एनसीडी की जांच भी की जा रही है। साथ ही किसानों को ड्रोन के जरिए खाद व कीटनाशक छिडक़ाव की विधिए कृषि कार्य में जैविक खाद एवं नैनो यूरिया का उपयोग करने को लेकर जागरूक किया जा रहा है। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयनए योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचानेए योजनाओं की जानकारी जन.जन तक पहुंचाने और योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ गांव.गांव में पहुंचकर केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तार से न सिर्फ जानकारी दे रहे बल्कि शत.प्रतिशत लाभन्वित भी किया जा रहा है। इस यात्रा के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके पात्र लाभार्थी मेरी कहानी.मेरी जुबानी कार्यक्रम के तहत अन्य लोगों को अपनी सफलता की कहानी सुना रहे हैं और उन्हें प्रेरित कर रहे हैं।



## प्राण प्रतिष्ठा पर लुदानिया परिवार ने किया विशाल भंडारा

**पत्थलगांव।** रामजन्म भूमि अयोध्याधाम में रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह होने के दौरान शहर भी पूरी तरह राममय हो गया। शहर में रामभक्तों ने जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर माहोल को राममय बना दिया।

रामनवमी महोत्सव समिति द्वारा बस स्टैंड चौक पर बड़ी स्क्रीन लगाकर आम जनता को लाइव प्रसारण दिखाकर आरती कर प्रसाद वितरण किया एवं फटाखे फोड़ खुशियां मनाई,वही हनुमान मंदिर समिति ने भी हनुमान मंदिर मंडी में सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन कर रामलला के अयोध्या आगमन पर प्रसाद वितरित कर फटाखे फोड़ अपनी खुशियां जताई। वही राम युवा समिति के सदस्यों ने सप्ताह भर पूर्व से नगर के तीनो मार्गो को राम झंडा लगवा कर पूरे नगर को भगवामय कर दिया एवं लोगो से अपने-अपने घरों में भी झंडे लगाने आव्हान किए थे। प्राण-प्रतिष्ठा के तत्काल बाद प्रसाद लगाकर वितरण किया गया। साथ ही मंडी प्रांगण में धर्म प्रेमी राम,हनुमान भक्त व समाज सेवी लुदानीया परिवार द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। लुदानिया परिवार से रामचरण अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल,जग्गी अग्रवाल, श्यामलाल अग्रवाल,सतीश अग्रवाल,सुरेश अग्रवाल अनिल श्रीगरिका, बजरंग अग्रवाल,पवन अग्रवाल, बल्लू अग्रवाल, मनोजअग्रवाल (बिट्टू), मुकेश, मनीष, बंटू, विकाश छोटू,अमित, सुमित प्रतीक, अनमोल, नवीन, विक्की, टिनू,छोटू, नेहल, अक्षत सहित सभी परिवार के महिलाए बच्चे भी उपस्थित रहे।

## पतंजलि महिला समिति ने किया हनुमान चालीसा पाठ



**तमनार।** अयोध्या में युग पुरुष रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की शुभ दिवस पर महिला पतंजलि योग समिति तमनार इकाई के द्वारा जगन्नाथ मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम व हिंदू सनातन के महान विभूति प्रभु श्री रामचंद्र जी के प्रमुख भक्त श्री हनुमान का चालीसा का सामूहिक वाचन किया गया।

कार्यक्रम में राज्य सोशल मीडिया प्रभारी महिला पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ के गीतांजलि पटनायक के द्वारा प्रभु श्री रामचंद्र जी के बताए हुए आदर्श मार्ग पर चलने को सभी को आग्रह किया गया उन्होंने बताया कि किस प्रकार हमें प्रभु श्री रामचंद्र जी का इंतजार करना पड़ाए 500 साल की कठिन तपस्या करना पड़ा एहमारे आदर्श पुरुष प्रभु रामचंद्र जी कितने दिनों तक टेंट झोपड़ी में रहे जिसे सुप्रीम कोर्ट के द्वारा मंदिर बनाने के लिए न्याय मिला और हमारे विशिष्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयास एवं लगन से मंदिर का निर्माण हुआ वर्षो की तपस्या रंग लाई एऊक्त दिवस को प्रातः काल से ही लोगों की जिज्ञासा बनी रही और अयोध्या से मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की लाइव टेलीकास्ट देखते हुए हिंदू सनातन धर्म पर हौसला बढ़ाया गया और देश के प्रधानमंत्री के आग्रह पर हमारे नगर में दिवाली के जैसे माहौल बनाकर संध्याकालीन घर-घर में दीपक जलाया गया लोग एक दूसरे के गले मिलते रहे प्रभु श्री रामचंद्र जी के आगमन की खुशियां एक दूसरे को बाटंते रहे।

## ग्राम्य भारती तमनार में रामलला प्रतिष्ठा पर पौधरोपण



**तमनार।** ग्राम्य भारती शिक्षण एवं शोध संस्थान तमनार द्वारा श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में न्यायधीशगण, विधायक जनप्रतिनिधियों एवं नव विवाहित दूल्हा दुल्हन ने पौधरोपण कर इस दिवस को यादगार बनाया।

उल्लेखनीय है कि केलो बनांचल आदिवासी बाहुल्य तहसील तमनार औद्योगिक प्लांटो के स्थापना से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ते जा रहा है क्षेत्र में पौधरोपण संरक्षण संवर्धन जनजागरूकता के लिए ग्राम्य भारती शिक्षण एवं शोध संस्थान तमनार द्वारा स्वच्छ पर्यावरण हरीतिमा हेतु हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। रायगढ़ जिले के दिवंगत जनप्रतिनिधियों व कोरोना से स्वर्गवासी समाज सेवी के स्मृति में पौधरोपण किया जा चुका है।श्री रामलला प्रभु जी की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आदर्श ग्राम्य भारती परिसर में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश अच्छे लाल काछी धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया, पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ सरगुजा प्रवीण गुप्ता, मानस प्रवक्ता गोकुलानन्द पटनायक, राज परिवार रायगढ़ कुमार देवेंद्र प्रताप सिंह, सुश्री उर्वशी देवी सिंह पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह सिदार जिलाध्यक्ष वनोपज संघ, संतीश बेहरा भाजपा जिला महामंत्री, कैलाश पटनायक, कैलाश गुप्ता अध्यक्ष अधिवक्ता संघ घरघोड़ा नव विवाहित दूल्हा प्रतीक दुल्हन शैल एवं गणमान्य नागरिकों ने आदर्श ग्राम्य भारती परिसर में एक एक पौधरोपण कर 22 जनवरी को यादगार बनाया गया।

## गोड़म में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा पर शोभा यात्रा का आयोजन



**कटेली।** सारंगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत गोड़म में भी अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए गाँवो के चौक चौराहों को आकर्षक तोरण एंव झंडो और हर घरो में झंडा लगाया के सजाया गया। जिसमें के गांव समस्त महिला, पुरूष, बुजुर्ग एंव बच्चे सभी बस्ती जगन्नाथ मंदिर के प्रांगण एकत्र हुए। जहाँ श्रीराम जी की पूजा अर्चना कर हनुमान चालीसा के साथ श्रीराम रथ डीजे बाजे कर्मा नाँचा, कीर्तन पार्टी नाच गाने के साथ डॉस करते हुए प्रभु श्रीराम की रैली निकाली गई। हर घर के द्वार में रंगोली बना कर एंव दीप जलाकर कलश स्थापना कर प्रभु श्रीराम जी रथ हर घरो पूजा अर्चना एवं स्वागत की गई कार्यक्रम में मुख्य भूमिका संरपच ललिता चद्रप्रकाश साहू, रामप्रातप साहू, अरूण यादव, बरजू साहू, चंद्रशेखर साहू, टोपेन्द्र साहू, अशोक अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, गिरधर अग्रवाल, सहित भारी संख्या में महिला समूह एवं ग्रामीण उपस्थित थे। पुजारी बलदेव तिवारी थे। उक्त कार्यक्रम को सभी ग्रामवासियों ने मिलकर तनए मनए धन से सहयोग करके सफल बनाया। आस पास के ग्रामीण भी कार्यक्रम में शामिल हुए, गांव में सभी तरफ उत्साह और उमंग का माहौल देखा गया।

## स्कूली बच्चों ने आकर्षक पीटी परेड एवं संस्कृतिक कार्यक्रम का रिहर्सल किया

# कलेक्टर व एसएसपी ने देखा रिहर्सल, रणजीता स्टेडियम में होगा मुख्य समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

गणतंत्र दिवस के मौके पर जिलास्तरीय समारोह की बुधवार को नगर स्थित रणजीता स्टेडियम में फाइनल रिहर्सल की गई। इसमें सामूहिक परेड, बैण्ड, सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन, सामूहिक नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल इस रिहर्सल कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का मिनट टू मिनट तैयारियों का निरीक्षण किया।

मुख्य परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे,टू आईसी सूबेदार विकास कुमार नारंग के अगवाई में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल पुरुष, जिला पुलिस बल महिला, नगर सेना पुरुष, नगर सेना महिला, एनसीसी,एनएसएस, स्काउट गाइड के दस टुकड़ियां गणतंत्र दिवस समारोह के फाइनल रिहर्सल परेड किया। स्कूली बच्चों ने आकर्षक पीटी परेड एव संस्कृतिक कार्यक्रम का रिहर्सल किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शासन के दिए गए निर्देशों का पालन करने निर्देशित किया। रिहर्सल में मुख्य अतिथि का आगमन, ध्वजारोहण, मार्च पास्ट एव सलामी, कपोत उड्डयन, जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, शहिद परिवार का सम्मान, पुरस्कार वितरण आदि का रिहर्सल किया गया। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस जिला स्तरीय मुख्य समारोह में पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय मुख्य अतिथि होंगी। उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों का पालन करते हुए गरिमामय एवं सादगी पूर्ण ढंग से कार्यक्रम मनाने संबंधित सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गणतंत्रदिवस मुख्य समारोह स्थल पर बैठक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, गुब्बारे, बैंड इत्यादि अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करनें के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है।



गणतंत्र दिवस समारोह के फाइनल रिहर्सल एसपी डी रविशंकर, अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, जशपुर एसडीएम प्रशांत कुशवाहा सहित प्रशासन एव पुलिस विभाग के आला अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन, डीआर राठिया, जयेश सौरभ टोपनो के द्वारा किया गया।

### विधायक गोमती साय ध्वजारोहण कर लेंगी परेड की सलामी

जिले में 75 वां गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह रणजीता स्टेडियम ग्राउंड में मनाया जाएगा। मुख्य समारोह में पत्थलगांव विधायक गोमती साय ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगी । तत्पश्चात मुख्य अतिथि जनता के नाम मुख्यमंत्री द्वारा प्रेषित संदेश का वाचन करेंगी व देश के लिए शहीद हुए परिवारों को सम्मानित करेंगी। इसके साथ ही मुख्य समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। वहीं शासन की विभिन्न योजनाओं पर आधारित योजनाओं का झांकी के माध्यम से प्रदर्शित की जाएगी तथा जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

24 Jan-Jash Bhoomi pg 3_Layout 1 1/24/2024 8:24 PM Page 1






# अब ओटीटी प्लेटफार्म पर धमाल मचाएगी सैम बहादुर

**मुंबई।** फिल्म सैम बहादुर अब ओटीटी पर आने के लिए तैयार है। सिनेमाघरों में सैम बहादुर 1 दिसंबर को रिलीज हुई थी। मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी फिल्म गणतंत्र दिवस के मौके पर ओटीटी पर आएगी। फिल्म को जी पर देख सकेंगे। जी ने फिल्म के एक पोस्टर के साथ लिखा, एक दूरदर्शी लीडर, लीजेंड और एक सच्चा हीरो, सैम आपकी स्क्रीन पर राज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सैम बहादुर का प्रीमियर 26 जनवरी को जी5 पर होगा। सैम बहादुर की कहानी मेघना गुलजार और भवानी अय्यर ने लिखी है। फिल्म में विकी कौशल, सान्या मल्होत्रा, फातिमा सना शेख और मोहम्मद जीशान अय्यूब हैं।

लाइफ Style



# अनन्या

## रैंप वॉक करते हुए ट्रोल हुईं


एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस अनन्या पांडे अक्सर ही चर्चा में बनी रहती हैं। अनन्या इन दिनों पेरिस में हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस पेरिस फैशन वीक का हिस्सा बनी। इस मेगा फैशन इवेंट से उनका वीडियो सामने आया है। वीडियो सामने आने के बाद एक्ट्रेस को उनकी ड्रेस को लेकर ट्रोल किया जा रहा है।

सोशल मीडिया पर अनन्या पांडे की तुलना लोग उर्फी जावेद से करते नजर आ रहे हैं। एक्ट्रेस ने ब्लैक सीक्वेंस मिनी ड्रेस कैरी की है। इसके साथ ही उन्होंने हाथ में चलनी पकड़ रखी है, जो उनकी ड्रेस से ही जुड़ी हुई है। इसे पकड़े हुए वह रैंप वॉक करती नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर लोग उनका खूब मजाक उड़ा रहे हैं। एक्ट्रेस के वीडियो पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा कि ष्उर्फी जावेद भी इससे अच्छे कपड़े पहनती है। एक यूजर ने लिखा मच्छरदानी पहनकर कहा जा रही हो।

एक ने लिखा कि करवा चौथ का मॉडर्न वर्जन। वहीं अनन्या ने एक बातचीत में खुलासा किया कि जब उनकी तस्वीरें, जो पब्लिक में शेयर करने के लिए नहीं होती हैं वह सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती हैं तो इससे उन पर कोई असर नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कह सकती कि ये मुझे परेशान करता है। एक्टर के रूप में हमने खुद इसके लिए साइन अप किया है। यह होने जा रहा है और लोग इसके लिए उत्सुक होंगे। अनन्या के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह पिछले साल फिल्म ड्रीम गर्ल 2 में नजर आई थीं। इसके बाद वो खो गए हम कहां में नजर आईं।

हॉलीवुड मसाला



# बढ़े वजन का पोस्ट वायरल...

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकन सिंगर सेलेना गोमेज अपने गानों की वजह से चर्चा में रहती हैं लेकिन उनकी पर्सनल लाइफ भी खूब हाइलाइट रहती है। फिर चाहे वो नए बॉयफ्रेंड को पब्लिकली लिप किस करना हो या फिर अब अपने बढ़े वजन को पॉजिटिव तरीके से हैंडल करना हो। सेलेना ने हाल ही में सोशल मीडिया का सहारा लेकर अपने बढ़े वजन को लेकर पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने जितनी खूबसूरती से अपनी बॉडी में आए बदलाव को एक्सेप्ट किया है, उसकी फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं।



# टॉप पर टेलर, दर्ज हुए 69 रिकॉर्ड...

**लॉस एंजेलिस।** गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक लिस्ट जारी की है। इस सूची में गिनीज बुक ने हॉलीवुड की महिला गायकों के रिकॉर्ड की जानकारी साझा की है। बता दें कि इस लिस्ट में टेलर स्विफ्ट शीर्ष पर हैं। टेलर के नाम कुल 69 रिकॉर्ड दर्ज हैं। दूसरे नंबर पर एडेल हैं। उनके नाम कुल 44 रिकॉर्ड दर्ज हैं। इस लिस्ट में कोलंबियाई गायिका शकीरा तीसरे नंबर पर हैं। शकीरा के नाम 21 गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हैं। बेयॉन्से 20 रिकॉर्ड के साथ चौथे स्थान पर हैं। मैडोना इस लिस्ट में पांचवें नंबर पर हैं। मैडोना के नाम 16 रिकॉर्ड हैं। पोस्ट को कैप्शन देते हुए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने लिखा, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स खिताबों के प्रभावशाली संग्रह के साथ संगीत की रानियों का अनावरण!




# 14 जून को रिलीज होगी इमरजेंसी

**मुंबई।** एक्ट्रेस कंगना रनौत इन दिनों अपनी अपकिंग फिल्म इमरजेंसी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। फिल्म में कंगना रनौत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में हैं। ये फिल्म भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की सबसे विवादास्पद घटना इमरजेंसी पर बेस्ड है, जो इंदिरा गांधी के इर्दगिर्द घूमती नजर आएगी। वहीं अब कंगना ने फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म इमरजेंसी की रिलीज की घोषणा कर दी है। इसी पोस्ट में अखबार के पन्नों पर जहां इमरजेंसी की खबरें दिख रही हैं। पोस्टर शेयर करते हुए कंगना ने कैप्शन में लिखा कि भारत के अंधेरे काल के पीछे की कहानी खुलने जा रही है। इमरजेंसी 14 जून को रिलीज होने जा रही है। कंगना ने आगे लिखा कि इमरजेंसी मेरा सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है।



# सैफ हुए अस्पताल से डिस्चार्ज...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान को लेकर बीते दिन हैरान कर देने वाली खबर सामने आई थी। उन्हें अपनी लेटेस्ट फिल्म की शूटिंग के दौरान चोट लग गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक पुरानी चोट की ट्राइसेप सर्जरी के लिए एक्टर को मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। हालांकि अब एक्टर को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। एक्टर ने अब खुद मीडिया से बात करते हुए अपनी हेल्थ अपडेट के बारे में बताया। एक्टर ने कहा कि फिल्म देवारा के लिए एक एक्शन सीक्वेंस शूट करते हुए मैं बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उस दौरान तो मुझे ज्यादा पता नहीं चला। मुझे लगा सब ठीक है काम हो जाएगा। एक बार मैं वर्कआउट कर रहा था तो दर्द बढ़ गया। इसके बाद दर्द बढ़ता ही चला गया।

# थ्रिलर शो शैतानी रस्में में शेफाली ने खुद किए खतरनाक स्टंट...

**मुंबई।** हाल ही में लॉन्च हुए वेडिंग फैंटेसी थ्रिलर शो शैतानी रस्में में कपालिका के किरदार के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री शेफाली जरीवाला, हर दिन अपने बेहतरीन प्रदर्शन से



दर्शकों का दिल जीतने में कोई कमी नहीं छोड़ रही हैं। एक ओर जहां किसी सीन को और बेहतरीन बनाने के लिए इसमें बॉडी डबल और स्टंट कलाकारों की मदद ली जाती है वहीं शेफाली जरीवाला ने इस शो में अपने स्टंट खुद किए हैं। शेफाली ने शैतानी रस्में शो में अपने किरदार और इस शो से जुड़ी कई बातों को उजागर करते हुए शूटिंग के अनुभवों को साझा किया। शेफाली ने कहा, इस शो के सेट पर हर दिन मुझे बहुत रोमांचक महसूस होता है। यह हमारे लिए एक सामान्य शूटिंग नहीं होती है। इस दौरान मैं कई अनोखे स्टंट करने में व्यस्त होती हूं, जहां कभी मैं पेड़ पर चढ़ती हूं तो कभी किसी दीवार पर और यह मेरे लिए बहुत मजेदार अनुभव होता है। मैं अपने स्टंट खुद करना पसंद करती हूं क्योंकि यह मेरे जज़्बे को बढ़ाने में मेरी मदद करता है और यह भरोसा देता है कि मैंने उस सीन को सही तरीके से निभाया है। ऐसा करने से मुझे किरदार की परतों को खोलने और इसे सीखने में और मदद मिलती है।

# 'रब से है दुआ' को अलविदा कहेंगी

**मुंबई।** अदिति शर्मा आज टीवी की दुनिया में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। अदिति शर्मा बीते काफी समय से टीवी के पॉपुलर शो रब से है दुआ में नजर आ रही थीं लेकिन अब वह जल्द ही इस शो को अलविदा कहने जा रही हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में शो छोड़ने के बारे में खुलकर बात की है। अदिति ने बताया कि अब वह जल्द ही सीरियल रब से है दुआ को अलविदा कहने वाली हैं।एक्ट्रेस ने



बताया कि सीरियल में एक लंबा लीप आने वाला है, जिसके बाद वह शो का हिस्सा नहीं रहेंगी। अदिति के मुताबिक मेकर्स ने उन्हें शो में डबल रोल निभाने का ऑफर किया था लेकिन उन्होंने उस ऑफर को ठुकरा दिया। अदिति कहती हैं, मुझे लगा हफ्ते के सात दिन काम करना बहुत मुश्किल होगा। बिना किसी ब्रेक के सात दिन शूट करना मेरे लिए मुमकिन नहीं था। उसके साथ ही मेकर्स के दिमाग में शो को लेकर अलग तरह के प्लान हैं। इन सब वजहों को ध्यान में रखते हुए मैंने शो छोड़ने का फैसला किया।

# फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का नया पोस्टर आउट ...

**मुंबई।** बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के नए पोस्टर में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ एक्शन से भरपूर बैकग्राउंड के बीच मशीन गन से फायर करते हुए दिख रहे हैं। पोस्टर में टाइगर और अक्षय अपनी मसल्स दिखा रहे हैं और एक सिक्के के दो पहलू की तरह खड़े हैं और गोलियां चला रहे हैं। बैकग्राउंड में मिसाइलें और हेलीकॉप्टर देखे जा सकते हैं। अक्षय ने पोस्टर को कैप्शन दिया, जब दुनिया को



बचाने की बात आती है, तेरे पीछे तेरा यार खड़ा है। टाइगर ने वही पोस्टर और कैप्शन साझा किया। फिल्म का टीजर 24 जनवरी को सुबह 10 बजे रिलीज होगा। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है और यह अप्रैल में ईद पर रिलीज होगी। बता दें‌ए अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियां की शूटिंग भारत के अलावा स्कॉटलैंड, लंदन और यूएई में हुई है।

# डीपफेक का शिकार हुईं कैट वीडियो वायरल, दिखीं तुर्की बोलते



*मुंबई। एक्ट्रेस कैटरीना कैफ का डीपफेक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में वो एकदम सहजता के साथ तुर्की भाषा बोलती दिख रही हैं। दरअसल यह वीडियो साल 2014 का है। जब कैटरीना और ऋतिक रोशन की फिल्म बैंग बैंग रिलीज हुई थी। यह वीडियो इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान का है। एक्टर के फैन ने इस 10 साल पुराने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, अगर आप तुर्की भाषा बोलते तो ऐसा होता।*

# सामने आया सुष्मिता की आर्या का ट्रेलर, शेरनी बनी नजर आईं अभिनेत्री



**मुंबई।** सुष्मिता सेन की चर्चित वेब सीरीज आर्या का अंतिम सीजन रिलीज के लिए तैयार है। आर्या 3 अंतिम वार का ट्रेलर जारी हो गया है। इसमें सुष्मिता सेन शेरनी जैसे तेवर दिखाती नजर आई हैं। ये सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर फरवरी में रिलीज होगी। तीसरा सीजन काफी धमाकेदार होने वाला है। इसमें दर्शकों को भरपूर एक्शन देखने को मिलेगा। ट्रेलर की शुरुआत में आर्या कहती नजर आती है। मेरी कहानी का हर पन्ना खून से लिखा था, पर सोचा नहीं था कि उसका अंत मेरे ही खून से होगा।

# रायसिंघानिया वर्सेस रायसिंघानिया का टीजर रिलीज, वकील के किरदार में आएंगी नजर ...



*मुंबई। कोड एम में मेजर की भूमिका निभाने के बाद प्रतिभाशाली अभिनेत्री जेनिफर विंगेट एक वकील की भूमिका में नजर आएंगी। एक वकील जो अपनी पहचान बनाने के लिए अपने ही पिता के खिलाफ जाएगी। वह अपनी शर्तों पर केस लड़ती नजर आएंगी। कोर्ट ड्रामा रायसिंघानिया वर्सेस रायसिंघानिया, सोनी लिव पर टेलीकास्ट होने वाला है। अब इस वेबसीरीज का टीजर रिलीज हुआ है। सीरीज में जेनिफर को केस का नेतृत्व करने का मौका नहीं मिलता है।*

## खबर संक्षेप



### नगर में हुआ रामलला का स्वागत सत्कार

**घरघोड़ा।** अयोध्या में हो रहे राम लला के प्राण प्रतिष्ठा से घरघोड़ा नगर में जगह जगह दीप प्रज्ज्वलित कर मंदिरो में पूजा पाठ किया जा रहा है एवं सुन्दर पाठ कीर्तन भजन किया गया भारी संख्या रैली निकाली गई जिसमें महिलाएं बच्चे नगर के सभी लोगों ने जम चढ़कर भाग लिया नगर में भव्य रूप से जुलूस निकालकर श्री राम लला की जयकारों से शहर गुंजता रहा हनुमान मंदिर में भव्य रूप से पूजा पाठ करके रामचरितमानस का एवं हनुमान चालीसा का भजन लगातार सुबह से शाम तक चला हनुमान मंदिर मां बैगीन डोकरी मंदिर गायत्री मंदिर एवं जगह-जगह मंदिरो में भंडारे का आयोजन किया गया भक्तों ने खूब लुफ्त उठाया।

### छाल में राम जानकी मंदिर का भूमिपूजन



**रायगढ़।** 22 जनवरी को जहां एक तरफ अयोध्याधाम समेत तमाम देवालयों मे श्रीराम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही थी। वहीं छाल मे श्रीराम जानकी के मंदिर का धरमजयगढ विधायक लालजीत राठिया ने शुभ मूहूर्त में भूमिपूजन किया। यह मंदिर छाल के मंगल भवन के पास निर्माण किया जाएगा। क्षेत्रवासियों की धार्मिक भावना के अनुरुप विधायक लालजीत के हाथो किए गये मंदिर निर्माण के भूमिपूजन में बडी संख्या मे क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### गणतंत्र दिवस पर बंद रहेगी शराब दुकान

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी केएल चौहान ने देशी, विदेशी की फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत व्यवस्थापन नियम एवं अन्य बिन्दुओं पर शासन के निर्देश अनुसार 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में शुष्क दिवस घोषित किया है। इस निर्देश के तहत जिले में संचालित समस्त देशीए विदेशी मदिरा दुकानों को 26 एवं 30 जनवरी 2024 को पूर्णतः बंद रखने आदेशित किया गया है। इस अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## निधन

### कृष्ण कुमार कछवाहा

**रायगढ़।** नगर की प्रतिष्टित फर्म साई डेकोर आकाश फ्लावर के



संचालक आकाश कछवाहा के पिता कृष्ण कुमार कछवाहा का 23 जनवरी की रात्रि निधन हो गया है। वे 52 वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे अपने पीछे पत्नी राधा पुत्र आकाश और पुत्री रोशनी सहित भरापूरा परिवार रोते बिलखते छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार सुबह 10 बजे उनके अनाथालय मंदिर रोड स्थित उनके निवास से निकली और कयाघाट मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

### गोपीनाथ मिश्रा

**रायगढ़।** शहर के गांजा चौक निवासी नगर पालिका स्कूल के



पूर्व प्राचार्य गोपीनाथ मिश्रा का 83 वर्ष की आयु में 23 जनवरी को निधन हो गया। वे एक पुत्री अदिति मिश्रा भाई गोपाल मिश्रा अधिवक्ता नोटरी बहु चंद्रप्रभा मिश्रा और दो छोटी बहन एशांतिलता मिश्रा, आशालता मिश्रा छोड़ के गए हैं। दिवंगत की अंतिम यात्रा 24 जनवरी को सुबह 9 बजे निवास से निकाली गई और सर्किट हाउस रोड स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

## कैबिनेट मंत्री ओपी करेंगे ध्वजारोहण

# कर्नल त्रिपाठी स्टेडियम में गणतंत्र दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह होगा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। समारोह से पूर्व फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। जो सुबह 9 बजे प्रारंभ हुआ। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने मुख्य अतिथि की भूमिका का निर्वाह कर झंडा फहराया व परेड की सलामी ली। परेड निरीक्षण के बाद मार्च पास्ट हुआ। अंत में स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां हुई। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव उपस्थित रहे।

गणतंत्र दिवस समारोह में झंडा फहराने के पश्चात सलामी, राष्ट्रगान व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश का वाचन होगा। जिसके बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। समारोह में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 6वीं बटालियन, जिला पुलिस बल, जिला महिला पुलिस बल, नगर सेना महिला एवं पुरूष बल, एनसीसी कैडेट की टुकडियों, स्काउट गाइड द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा। कलेक्टर श्री गोयल की पहल पर पहली बाद समारोह में मार्च पास्ट का हिस्सा बन रहा स्कूली बच्चों का ब्रास बैंड खास आकर्षण होगा। मार्च पास्ट के बाद बैंड की विशेष प्रस्तुति होगी। तत्पश्चात स्कूली बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने समारोह स्थल में तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मंच व बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, बिजली आपूर्ति, पेयजल आदि के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को उनको सौंपे गए दायित्वों के अनुसार सारी तैयारियां समय से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। 26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में वित्त मंत्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि होंगे तथा शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम, रायगढ़ में प्रातः 9 बजे झंडा फहराएंगे। जिसके पश्चात सलामी व राष्ट्रगान तथा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश का वाचन होगा। मार्च पास्टए बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र वितरित किये जाएंगे।

### सारंगढ़ में भी गणतंत्र दिवस के लिए पूर्वाभ्यास



कलेक्टर केएल चौहान के नेतृत्व में जिला स्तरीय दल ने गरिमामय गणतंत्र दिवस आयोजन के लिए सारंगढ़ के खेलभांठा में पूर्वाभ्यास किया। पूर्वाभ्यास के दौरान मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार बतौर मुख्य अतिथि का मंच पर आगमन, परेड निरीक्षण, ध्वजारोहण का अभ्यास, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, प्लाटूनों द्वारा मार्च पास्ट, हर्ष फायर, प्लाटून कमांडरो से परिचय, खुले आसमान में रंग बिरंगे गुब्बारे छोड़ने, सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी प्रदर्शन, पुरस्कार वितरण, फोटो सेशन सहित संपूर्ण आयोजन का पूर्वाभ्यास किया गया। इस अवसर पर एसपी आशुतोष सिंह, अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एएसपी निवोदिता पॉल, संयुक्त कलेक्टर मोनिका वर्मा, प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन, डिप्टी कलेक्टर बी एक्का ने अपने अपने कर्तव्य का पूर्वाभ्यास किया।

### सिसरिंगा समिति में मिला सौ बोरी ज्यादा धान

**रायगढ़।** समितियों में 21 क्विंटल धान खरीदी की आड़ में रिक्त रकबे पर बोगस खरीदी की जा रही है। धान का स्टॉक मेंटेन करने के लिए किसानों से अतिरिक्त धान मांगा जा रहा है। धरमजयगढ़ की सिसरिंगा समिति में ऐसी ही गड़बड़ी पकड़ी गई है। ऑनलाइन स्टॉक से अधिक धान मिला है। बताया जा रहा है कि पूर्व प्रबंधक अभी भी वहां दखल दे रहा है। लैलूंगा और पुसौर क्षेत्र में ऐसा ज्यादा हो रहा है। किसान भी धान बेचने के बाद बचे रकबे का समर्पण नहीं कर रहे हैं। समितियों में एक और खेल चल रहा है। बोगस खरीदी को मेंटेन करने के लिए किसानों से अतिरिक्त धान की मांग की जा रही है। धरमजयगढ़ में ऐसी ही कार्रवाई की गई है। यहां सिसरिंगा समिति में संयुक्त जांच टीम ने कार्रवाई की है। 18 किसानों ने शिकायत की थी कि प्रबंधक सहदेव कुमार राय व डाटा एंट्री ऑपरेटर पुरुषोत्तम दास महंत किसानों से अतिरिक्त धान की मांग कर रहे हैं। जांच में डाटा एंट्री ऑपरेटर पुरुषोत्तम दास महंत ने बताया कि प्रबंधक सहदेव राय को लारीपानी समिति में तबादला कर दिया गया है। खरीदी पुरुषोत्तम करवा रहा है। किसानों का बयान है कि 100 बोरी धान में एक बोरी धान अतिरिक्त देने की मांग की गई है। सहदेव राय अभी भी खरीदी में दखल दे रहा है। समितिके स्टॉक का मिलान किया गया तो वहां 46,379 क्विंटल धान खरीदी की जा चुकी है जिसमें से 30430 क्विंटल मिलरों को दिया जा चुका है।



## वार्डों में नियमित सफाई का आयुक्त ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में मुख्य मार्ग के साथ गली मोहल्ले की भी नियमित सफाई होनी चाहिए। खाली प्लॉट और कहीं पर भी कचरा फेंकने वालों के खिलाफ जुर्माना कार्रवाई करें। उक्त बातें निगम कमिश्नर से सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बुधवार को वार्ड क्रमांक एक के निरीक्षण के दौरान कही। दूध डेयरी के सामने सरस्वती शिशु मंदिर से बाइक में बैठकर कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने पूरे वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान गली नंबर, गली नंबर 2, गली नंबर 3 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्ड में हुए सड़क निर्माण के कार्यों का भी जायजा लिया गया। इस दौरान निर्माण की गुणवत्ता में किसी तरह के समझौता नहीं करने की बात कही गई। इसी तरह स्वच्छता सुपरवाइजरों को गली मोहल्ले में भी खड़े होकर सफाई करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कई जगह खाली प्लाटों पर कचरे का ढेर और इधर उधर कचरा भी नजर आया। इस पर कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने सफाई दरोगा को खाली प्लाट और कहीं पर भी कचरा फेंकने वालों के खिलाफ जुर्माना कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मोहल्लेवासियों से भी कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने कचरा लेने रिक्शा आने और पानी नियमित ठीक तरह से मिलने के संबंध में चर्चा की। इस पर मोहल्ले वासियों ने कचरा लेने नियमित रिक्शा दीदियों के आने और पानी अच्छे तरह से नियमित मिलने की बात कही। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता श्री हीराधर राठियाए सहायक स्वास्थ अधिकारी श्री रमेश तांती सहित वार्ड सुपरवाइजर उपस्थित थे। कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने दोपहर के समय सावित्री नगर में लगे राजस्व वसूली शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले टैक्स जमा करने वालों की संख्या की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने शिविर के संबंध में वार्डवासियों को जानकारी देने और शिविर से संबंधित फ्लेक्स बैनर लगाकर रखने के निर्देश दिए।

## हाईस्कूल तेलीकोट में पुलिस की जागरूकता कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



थाना प्रभारी थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में आपराधिक तत्वों व जुआ सट्टा, नशा तस्करों पर शिकंजा कसने के साथ-साथ क्षेत्र में साइबर क्राईम, यातायात जागरूकता समेत विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज 23 जनवरी को एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर खरसिया पुलिस की टीम हाई स्कूल तेलीकोट जाकर छात्र-छात्राओं को अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी राठौर एवं आशिक रात्रे द्वारा छात्र-छात्राओं को बालको से संबंधित पॉक्सो एक्ट के अपराध में आरोपियों को कड़ी सजा के प्रावधान और पीड़ित को मिलने वाली कानूनी सहायता के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया और वर्तमान में घटित होने वाले साइबर अपराधों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को छीटाकशी, छेड़खानी की बेझिझक शिकायत करने बताया गयाए पुलिस सहायता के लिए डॉयल 112, थाना प्रभारी खरसिया का नंबर 94791.93213, चौकी प्रभारी खरसिया 94971.93228 के नंबर की जानकारी दी गई। छात्राओं को साइबर अपराध से बचने के लिए समय. समय पर अपना आईडी, पासवर्ड बदलते रहने बताया गया। अंजान मैसेज लिंक या मोबाइल पर आए नोटिफिकेशन पर बिना जानकारी के क्लिक न करें। मोबाइल पर केवाईसी अपटेड करना, सोशल मीडिया अकाउंट हैक, केवाईसी अपटेड करने का बहाना बनाकर लोगों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है, इनसे सचेत रहें।

### बेमौसम बारिश ने बढ़ाई समिति प्रबंधकों की परेशानी

**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र अंतर्गत सेवा सहकारी समिति बडेहरदी, कोडपाली, पडिगांव, गोर्रा, बडेभंडार, तेतला, कोडातराई, पुसौर, केशला, जतरी व नये सोसायटी छिछोर उमरिया, तिलगी, गढउमरिया, छातामुरा नावापारा माण्ड अंतर्गत कई उप धान खरीदी केन्द्र हैं जहां इन दिनों उठाव कम होने की वजह से संबंधित प्रबंधकों व फड प्रभारियों की चिन्ता बढ गई है चूंकि लगातार बारीस हो रहा है ऐसे में जहां धान में नमी आएगी वहीं इन्हें सडन का भी डर सता रहा है। वैसे तिरपाल वगैरह की व्यवस्था से पानी से बचाव के लिये हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इसके बावजुद भी ये नुकसानी से नहीं बच सकते। जानकारी के मुताबिक प्रत्येक समिति प्रबंधक एवं फड प्रभारी को अपने अपने उपार्जन केन्द्र का जीरो शार्टेज देना रहता है ऐसे हालत में नमी कब कम होगी और किस आधार पर मिलर धान उठायेंगे ये समझ से परे मालुम हो रहा है।

## हेमसुंदर कालेज में वार्षिकोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



महापल्ली स्थित हेमसुंदर गुप्त शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में अपनी कई दशकों से चली आ रही परंपरा अनुसार बच्चो को शैक्षणिक गतिविधियों से इतर उनमें छुपी प्रतिभा को उभारने और निखारने के साथ ही समस्त विद्यालय परिवार के बीच एक शानदार उत्साह और मनोरंजक माहौल निर्मित किए जाने की कड़ी में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन 18 जनवरी से 20 जनवरी के बीच किया। जिसमें प्रथम दिवस उद्घाटन समारोह के साथ ही बाल मेले का आयोजन हुआ।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्र की जनप्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संगीता गुप्ता एवं अन्य विशिष्ठ अतिथियों के तौर पर विद्यालय के पूर्व प्राचार्य मोहम्मद अली सिद्धकी ग्राम के सरपंच अनंत राम चौहान, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया महापल्ली के प्रबंधक संजय एक्का व वरिष्ठ पत्रकार शेषचरण गुप्त की उपस्थिति के बीच समारोह का उद्घाटन मैडम संगीता गुप्ता ने फीता काटकर किया। मुख्य मंच में मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर मल्यार्पित कर व पूजन वंदन पश्चात बच्चों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए अतिथियों ने विद्यालय के इस आयोजन की बेहद प्रशंसा की व बच्चों को ऐसी गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेने को कहा। विद्यालय की प्राचार्य जे सुजाता राव ने अतिथियों के आगमन और बच्चों के उत्साह वर्धन हेतु सभी अतिथियों को आभार व्यक्त करते हुए कहा की कैसे हम बच्चो को खुद की मेहनत और काबिलियत के दम पर व्यापार कर सकते हैं और धन अर्जित कर खुद को प्रदर्शित कर सकते हैं बच्चों को और बेहतर करने को प्रेरित करना ही हमारा विशिष्ठ उद्देश्य होता हैं। समारोह के द्वितीय दिवस रंगोली केश सज्जा, मेहंदी सज्जा, पाक कला, सलाद सज्जा, हस्तकला की प्रतियोगिता के साथ ही मनोरंजक खेलकूद जिनमें जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, बोरा दौड़, त्रिटंगी दौड़, धीमी सायकल रेस व 100 मीटर की दौड़ की प्रतियोगिता हुई जिसमें मिडिल, हाई और हायर सेकेण्डरी स्तर पर बालक व बालिकाओं का आयोजन होना सामिल था। बच्चों ने सत प्रतिशत प्रतिभा को अपनी कला को दिखाने में झोंक दिया जिसके परिणामस्वरूप हर विधा में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शन सामने लाया। समारोह के तीसरे दिवस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन व वार्षिकोत्सव का समापन समारोह आयोजित था जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्र के जनपद पंचायत सदस्य अशोक निषाद अन्य विशिष्ठ अतिथियों में बटमुल आश्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ण्पी एल पटेल, सरपंच अनंत राम चौहान व विद्यालय के पूर्व व्याख्याता खगेश्वर प्रधान व पूर्व जनपद पंचायत सदस्य टीकाराम प्रधान की उपस्थिति रही।

## श्रीराम प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा का सरसींवा में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवां



सरसींवा में अयोध्या में श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भारी उत्साह रहा पूरा अंचल श्रीराम भक्ति में डूब गया। सुबह से ही नगर एव आसपास के गांवों के मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना कर विभिन्न कार्यक्रम सुंदरकांड, श्री हनुमान चालीसा पाठ राम धुनी आयोजित किया गया।

प्राण प्रतिष्ठा के समय सभी मंदिरों में आतिशबाजी की गई। हर तरफ भगवान श्रीराम के जयकारे सुनाई दिए। सरसींवा के विभिन्न मार्ग, चौक चौराहा मोहल्ला भगवा ध्वज व पटकाओ से भरे नजर आए। जगह जगह मन्दिरो और मार्ग पर आकर्षक रोशनी की गई। लोगो ने अपनी प्रतिष्ठान भी दीपावली की तरह सजा रखे थे। नगर के साथ आसपास के गांव राममय हो गया था सभी भगवान श्रीराम के भक्ति भाव मे डूबे नजर आए। अंचल के गांवों में मेरा गांव मेरी अयोध्या मेरा नगर मेरी अयोध्या की तर्ज पर ध्वज फटाका रोशनी से सजा हुआ था। रात्रि कालीन भजन संध्या कार्यक्रम में जिला कलेक्टर के एल चौहान भी शामिल हुए। सरसींवा में दोपहर को भव्य ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई। जो कि मा महामाया मंदिर से प्रारंभ होकर श्री राधाकृष्ण मन्दिर ए बाजार चौक बस स्टैंड, सारंगढ़ मार्ग से होते हुए सरायपाली मार्ग से चौक के पास स्थित श्रीराम मंदिर में भव्य समापन किया गया। सरसींवा में पहली बार ऐतिहासिक भगवान श्रीराम का भव्य शोभायात्रा निकली जिसमे हजारों की संख्या में प्रबुद्धजन, नगरवासी एवं मातृशक्ति उपस्थित थे। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की झांकी डीजे की धुन में सभी रामभक्त थिरकते नजर आए। स्थानीय सकीर्तन पार्टी का कीर्तन भी आकर्षक का केंद्र रहा। शोभा यात्रा में भारी संख्या में ध्वज फताका आतिशबाजी एवं भी रंग बिरंगी रोशनी की गई।

## हाईवोल्टेज करंट में उलझकर बंदर की मौत

**रायगढ़।** हाई वोल्टेज करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक बंदर की मौत हो गई हैए जिसको लेकर अब ग्रामीण तार की ऊंचाई बढ़ाने की मांग करने लगे हैं। इनका कहना है कि तार नीचे होने के कारण हमेशा हादसे का भय बना रहता है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड क्रमांक 34 स्थित ग्राम सराईभदर में चिटकी पुलिया के पास कृष्णा साल्वेंट कंपनी हैए जिसकी बाउंड्री वाल करीब 15 फीट ऊंचा है। साथ ही वहां से हाई वोल्टेज करंट प्रवाहित तार गुजरा है, लेकिन उसकी ऊंचाई काफी कम है। साथ इस क्षेत्र में बंदरों की संख्या भी अधिक है, जिससे हमेशा इनको करंट लगने की भय बना रहता है, जिसको लेकर इन तारों की ऊंचाई बढ़ाने ग्रामीणों द्वारा मांग की गई थीए लेकिन भी तक स्थिति जस की तस है। ऐसे में 22 जनवरी को एक तरफ जहां पूरा देश भगवान राम व हनुमान मंदिरों में पूजा.पाठ कर भंडारे का आयोजन किया थाए वहीं सराईभदर में ग्रामीणों को सूचना मिली कि एक बंदर करंट प्रवाहित तार के चपेट में आ गया है। जिससे ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो पता चला कि उक्त बंदर कृष्णा साल्वेंट के बाउंड्रीवाल में चढकर चल रहा थाए इस दौरान उसका पूंछ हाई वोल्टेज तार के चपेट में आ गयाए जिससे करंट लगने के कारण उसकी मौत हो गई। ऐसे में ग्रामीण आनन फानन में पूजा.पाठ कर उक्त बंदर के अंतिम संस्कार में लग गएए जिससे देर शाम तक उसका अंतिम संस्कार कराया गया। ऐसे में स्थानीय लोगों ने बताय कि उक्त तार की ऊंचाई बढ़ाना अतिआवश्यक है, क्योंकि क्षेत्र में बंदरों की संख्या ज्यादा है, जो हमेशा उक्त बाउड्रीवाल से गुजरते रहते हैंए जिससे हमेशा संपर्क में आने का खतरा बना हुआ है। इस संबंध में ग्रामीणों की माने तो उक्त बंदर की जहां पर मौत हुई है, उसी जगह पर उसका अंतिम संस्कार किया गया है। ऐसे में यहां हनुमान जी की मंदिर बनाने की चर्चा गांव में जोरों से चल रही है।

## सट्टेबाज कंगालू को एक साल के लिए किया तड़ीपार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर व जिला दण्डाधिकरी कार्तिकेया गोयल ने 22 जनवरी 2024 को आदेश जारी कर कंगालू बरेठ पिता स्व. कोंदा बरेठ उम्र 54 वर्ष निवासी कबीर चौक, चौकी जूटमिल, तहसील व जिल रायगढ़ को एक साल के लिए जिला बदर कर दिया है।

उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 के तहत जिला दण्डाधिकारी न्यायालय में चल रहे न्यायिक प्रकरण में यह आदेश पारित किया है। आदेश में उल्लेख है कि जब तक यह आदेश लागू रहेगा कंगालू बरेठ को चौबीस घंटे के भीतर जिला रायगढ़ तथा समीपवर्ती जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, बलौदा बाजार, महासमुंद, जांजगीर चाम्पा, कोरबा एवं जशपुर जिले के क्षेत्र से एक वर्ष के लिए बाहर जाना होगा। कंगालू बरेठ को उक्त अवधि में बिना वैधानिक अनुमति लिए इन जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। इस आदेश का तुरंत पालन किया जाना होगा। पालन नहीं करने पर कंगालू बरेठ के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर यह पाया गया कि कंगालू बरेठ रायगढ़ टाउन तथा आसपास के क्षेत्रों में रूपये पैसे का हारजीत का दांव लगाकर काफी दिनों से सट्टा खेला रहा है तथा सट्टा खेलने और लिखने के लिए लोगों को उकसाता है और दुष्प्रेरित करता है। इस कार्य हेतु एजेंट रखकर सट्टा खेलाकर खाईवाल का काम करता है। कंगालू बरेठ सट्टा जुआ में पकड़ा गया जिस पर उसके विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवेचना में लिया गया। साथ ही जुआ एक्ट, मारपीट जैसे कई आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है। कंगालू बरेठ आदतन अपराधी है उपरोक्त कार्यवाही करने के उपरांत भी उसके आदत में कोई सुधार नहीं आ रहा है। कंगालू बरेठ समाज के लिए परिसंकटमय है तथा उसे स्वतंत्र रूप से छोड़ा गया तो समाज पर गलत प्रभाव पड़कर अन्य अपराध घटित करने की पूर्ण संभावना बनी हुई है।







